Baba’s Praise

8/4/2015

- बच्चों ने क्या सुना? बच्चों की किससे दिल लगी हुई है? गाइड से। गाइड क्या- क्या दिखलाते हैं? स्वर्ग में जाने का गेट दिखलाते हैं।

- बाप तुम बच्चों को सद्गति की श्रेष्ठ मत देते हैं। बाप की मत के लिए गायन है उनकी गत मत न्यारी। तुम बच्चों को कितनी सहज मत देते हैं।

- आत्मा कहती है ओ गॉड फादर। परन्तु आत्मा क्या है, आत्मा अलग है, उनको कहते हैं परम आत्मा अर्थात् सुप्रीम, ऊंच ते ऊंच सुप्रीम सोल परम आत्मा।

- बाप सभी का माशूक है, सभी आशिक हैं। अभी तुम बच्चे जानते हो वह माशुक आया हुआ है। बहुत मीठा माशुक है।

- कोई भी ऐसा मनुष्य नहीं होगा जिसके मुख से परमात्मा का नाम नहीं निकले।

- स्वर्ग का फाटक खोलने वाला बाप है।

- बाप कहते हैं मुझे ही पतित- पावन कहते हैं। अपने को आत्मा समझ बाप को याद करो।

- सहारेदाता बाप को प्रत्यक्ष कर सबको सुख-शान्ति की अनुभूति कराओ